असम में भारी वर्षा से तबाही, तीन लोगों की गई जान

असम में भारी वर्षा के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त है। इस दौरान सड़क पर भरे पानी में स्कूटी बंद होने के बाद इसे धक्का देकर बाहर निकलने का प्रयास करते युवक • एपी

- करीमगंज जिले में एक आटोरिक्शा पर पेड़ गिरा, चालक की मौत
- गुवाहाटी जिले में भूस्खलन की कई घटनाएं, तीन लोग घायल

गुवाहाटी, प्रेट्र : असम में पिछले तीन दिनों से लगातार भारी वर्षा हो रही है। इसके चलते राज्य के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। वर्षा जनित घटनाओं में बुधवार को तीन लोगों की मौत हो गई।

गोलपाड़ा जिले के आजाद नगर इलाके में एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया। इसके चलते दो बच्चों की मौत हो गई। मारे गए बच्चों की पहचान 11 वर्षीय हुसैन अली और आठ साल की आस्मा खातून के रूप में की गई है। इसके साथ ही राज्य में इस साल बाढ़ और भूस्खलन के चलते मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 44 हो गई है। गुवाहाटी जिले में भूस्खलन की कई घटनाएं हुईं। इनमें तीन लोग घायल हो गए।

एएनआइ के अनुसार, करीमगंज जिले में एक आटोरिक्शा पर पेड़ गिर गया। इससे वाहन चालक अजहरुद्दीन की मौत गई और दो अन्य घायल हो गए। कई जिलों में सड़कों पर मलबा जमा हो जाने से यातायात अवरुद्ध हो गया है। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।